## संपादकीय

# ब्रेग्जिट की फांस

ब्रेग्जिट के भंवर में ब्रिटेन कुछ ऐसा फंस गया है कि लाख कोशिश के बाद भी इससे निकल नहीं पा रहा। साल 2016 में 23 जून को हुए एक जनमत संग्रह में जब ब्रिटिश जनता ने 51.9 फीसदी के बहुमत से यह फैसला सुनाया कि ब्रिटेन को यूरोपीय समुदाय (ईयू) से बाहर निकल आना चाहिए, तब ब्रिटेन के अंदर और बाहर के उन बहुतेरे लोगों को करारा झटका लगा, जो यह मान कर चल रहे थे कि यूरोपियन यूनियन जैसी संसार की प्रतिष्ठित आर्थिक इकाई से अलग होने के मुद्दे पर जनमत संग्रह एक औपचारिकता ही हो सकता है। लेकिन अलग होने का फैसला आ जाने के बाद उसे लागू करने के सिवाय कोई चारा नहीं रह गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री डेविड कैमरन के इस्तीफे के बाद आई टरीसा मे सरकार पिछले ढाई वर्षों से यही कोशिश कर रही है, लेकिन उसे कामयाबी नहीं मिल रही।

ब्रिटेन के ईयू से निकलने की प्रक्रिया आज, यानी 29 मार्च 2019 तक पूरी हो जानी थी। मगर आलम यह है कि प्रधानमंत्री टरीसा का ब्रेग्जिट फॉर्म्युला ब्रिटिश संसद में दो बार पराजित हो चुका है और कोई और सर्वमान्य फॉर्म्युला बनाया नहीं जा सका है। प्रधानमंत्री ने आखिरी प्रस्ताव यह रखा है कि अगर उनके इस फॉर्म्युले को संसद स्वीकार लेती है तो वह अपना पद छोड़ने को तैयार हैं। मगर इस प्रस्ताव का भी कोई खास असर होता नहीं दिख रहा। उधर ईयू ने कह दिया है कि अगर ब्रिटिश संसद टरीसा मे का प्रस्ताव स्वीकार कर लेती है, तब तो 29 मार्च की समय सीमा को 22 मई तक बढ़ाया जा सकता है, वरना अलग होने के लिए उसे 12 अप्रैल तक का ही वक्त मिलेगा। हां, तब तक उसके सामने सभी विकल्प खुले रहेंगे। यानी वह चाहे तो टरीसा मे वाला समझौता स्वीकार करे या बिना किसी समझौते के ईयू छोड़ दे, या लंबे समय तक इसका सदस्य बना रहे या फिर आर्टिकल 50 एग्जिट प्रॉसेस पूरी तरह रद्द कर दे।

जाहिर है, तय ब्रिटेन को करना है और जल्द करना है। लेकिन अनिर्णय और अनिश्चय की जिस स्थिति में वह फंसा है, उससे उसका निकलना मुश्किल लग रहा है। इस अनिश्चितता का एक-एक दिन खुद ब्रिटिश अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रहा है, जो पिछली तिमाही में 0.4 फीसदी सिकुड़ गई। ब्रिटेन की सालाना विकास दर छह साल के सबसे निचले स्तर पर आ गई है मगर इस स्थिति से निकलने की कोई राह नहीं दिख रही। नए चुनावों से भी यह दुविधा शायद ही खत्म हो। एक विकल्प यह सुझाया जा रहा है कि ईयू छोड़ने को लेकर एक और जनमत संग्रह कराया जाए। इसके पीछे सोच यह है कि पिछले ढाई साल में लोगों का यह भ्रम टूट गया होगा कि ईयू से निकलने के फायदे ही फायदे होंगे। अभी तो यह भी दूर की कौड़ी है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो इसे 'सुबह का भूला शाम को घर लौटा' कहेंगे, या 'लौट के बुद्धू घर को आए!'

# कर चोरी रोकने को सोशल मीडिया अकाउंट पर नजर रखेगा आयकर विभाग

**नई दिल्ली आरएनएस।** कर चोरी करना अब असंभव नहीं तो मुश्किल जरूर हो जाएगा, क्योंकि आयकर विभाग कर चोरी पर अंकुश लगाने के लिए एक अप्रैल से बिग डेटा ऐनलिटिक्स का इस्तेमाल करने जा रहा है। 'प्रॉजेक्ट इनसाइट' नामक 1,000 करोड़ रुपये के कार्यक्रम के जरिए लोगों के सोशल नेटवर्किंग प्रोफाइल पर नजर रखी जाएगी और सोशल मीडिया पर अपलोड किए जाने वाली तस्वीरों और विडियो के जरिए खर्च के तरीकों का पता लगाया जाएगा। अगर किसी व्यक्ति द्वारा घोषित आय के मुकाबले खरीद और यात्रा खर्च में विसंगति पाई जाएगी तो आयकर अधिकारियों को इस विसंगति की जानकारी दी जाएगी, जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी। जानकार सूत्रों के अनुसार, आयकर विभाग ने 15 मार्च से आयकर अधिकारियों




को सॉफ्टवेयर का एक्सेस (पहुंच) प्रदान किया गया है। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने बताया, 'अगर आप विदेश यात्रा कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर तस्वीरें व पोस्ट कर रहे हैं या महंगी कार खरीद रहे हैं, जो रिटर्न दाखिल करने में दर्ज आय के अपने साधनों से परे की हैं, तो आयकर विभाग उसका विश्लेषण करने के लिए बिग डेटा का इस्तेमाल कर सकता है और आपकी आय और खर्च की विसंगति की जांच कर सकता है।'

सूत्रों ने बताया, 'आयकर विभाग एक मास्टर फाइल का भी इस्तेमाल कर सकता है जिसमें व्यक्तियों और कॉर्पोरेट के संबंध में पूरा ब्योरा और महत्वपूर्ण सूचनाएं होंगी।' प्रॉजेक्ट का मुख्य उद्देश्य कर चोरी करने वालों को पकड़ना और रिटर्न दाखिल करने और कर चुकाने वालों की तादाद में इजाफा करना है।

इनसाइट प्रॉजेक्ट में समेकित सूचना प्रबंधन प्रणाली होगी जिससे सही समय पर सही कदम उठाने में मदद के लिए मशीन लर्निंग को उपयोग किया जाएगा। कर चोरी पर लगाम लगाने के लिए बिग डाटा का इस्तेमाल करने वाले बेल्जियम, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के समूह में भारत शामिल होने जा रहा है।

# एक अप्रैल से विमान नहीं उड़ाएंगे एक हजार पायलट



**मुंबई आरएनएस।** संकट में फंसी निजी विमानन कंपनी जेट एयरवेज के एक हजार से अधिक पायलटों ने एक अप्रैल से विमान नहीं उड़ाने के अपने फैसले पर अडिग रहने का निर्णय किया है। पायलटों ने यह निर्णय ऐसे समय किया जब एयरलाइन शुक्रवार को बैंकों से धन प्राप्त करने में नाकाम रही।

जेट एयरवेज के करीब 1100 पायलटों के प्रतिनिधित्व का दावा करने वाले संगठन 'नेशनल एविएटर्स गिल्ड' ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि अगर उनके बकाये वेतन का भुगतान नहीं किया गया और 31 मार्च तक पुनर्जीवन योजना पर स्थिति स्पष्ट नहीं की जाती है तो वे एक अप्रैल से विमान नहीं उड़ाएंगे।

इसके कुछ दिन बाद, ऋण से उबारने की योजना के तहत एयरलाइन प्रबंधन एसबीआई नीत बैंक संघ के हाथों में चला गया था। बता दें इससे पहले नरेश गोयल ने जेट एयरवेज के बोर्ड और चेयरमैन पद से इस्तीफा दे चुके हैं। लेकिन कंपनी की राह केवल उनके इस्तीफे से आसान नहीं होने वाली। प्रतिद्वंद्वी विमानन सेवा कंपनियों स्पाइसजेट और इंडिगो प्राइस वॉर को जारी रख सकती है।

## गाड़ीवालों को बड़ी राहत, नहीं बढ़ेंगी वाहन बीमा की दरें

**बेंगलुरु आरएनएस।** दोपहिया, चारपहिया एवं कॉमर्शियल वाहनों के मालिकों के लिए खुशखबरी है। बीमा प्राधिकरण ने इन सभी के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस प्रीमियम में बढ़ोतरी न करने का फैसला किया है। दरअसल पिछले एक दशक से ऐसा देखने में आता रहा है कि अप्रैल के आसपास मोटर थर्ड पार्टी इंश्योरेंस का प्रीमियम 10 से 40 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। हालांकि पिछले साल बाइक, कार और टैक्सी के प्रीमियम में 10-20 प्रतिशत की कटौती की गई थी। इस वित्त वर्ष में इंश्योरेंस रेग्युलेटरी एंड डेवेलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने प्रीमियम में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है।

## रविवार को भी खुले रहेंगे बैंक, लेकिन नहीं होंगे आपके काम


**नई दिल्ली आरएनएस।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बैंकों को इस रविवार भी खुलने का आदेश दिया है। वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन रविवार है और आरबीआई ने बैंकों से कहा है कि सरकारी कामकाज को निपटाने के लिए बैंकों को इस दिन खुला रखना होगा।

आरबीआई ने एक सर्कुलर में कहा, केंद्र सरकार ने सभी पे और अकाउंट ऑफिस 31 मार्च, 2019 (रविवार) को खुले रखने की सलाह दी है ताकि सरकारी रसीदों और पेमेंट ट्रांजैक्शंस को निपटाया जा सके।

इसी तरह, सभी बैंकों को भी सरकारी कामकाज होने के चलते 31 मार्च, 2019 (रविवार) को अपनी शाखाएं खुले रखने को कहा गया है। आरबीआई की एक दूसरी नोटिफिकेशन के मुताबिक, सरकार चाहती है कि एजेंसी बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में किए गए सभी सरकारी ट्रांजैक्शंस इसी वित्त वलर्ष में गिने जाएं। सरकार ने प्रार्थना की है कि पिछले सालों की तरह ही इस काम के लिए कुछ विशेष इंतजाम किए जाएं।

## पाकिस्तान सीरीज के अंतिम 2 मैचों में नहीं खेलेंगे पैट कमिंस

**दुबई आरएनएस।** आस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाज पैट कमिंस को पाकिस्तान के खिलाफ यूएई में चल रही पांच मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी दो मैचों से आराम दिया गया है और अब वह स्वदेश लौटेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने आगामी विश्व कप को मद्देनजर रखते हुए यह फैसला किया है।



रिपोर्ट के अनुसार, विश्व कप और एशेज से पहले कमिंस के वर्कलोड को मैनेज करने और फिटनेस को बरकरार रखने के लिए उन्हें आराम दिया गया है। कमिंस सीरीज के पहले दो मैचों का हिस्सा भी नहीं थे। वह केवल तीसरा वनडे मैच खेलने टीम में लौटे थे, जहां उन्होंने तीन विकेट झटके थे। आस्ट्रेलिया पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना चुकी है। इससे पहले, झाय रिचर्डसन भी कंधे की चोट के चलते स्वदेश लौट गए थे। आस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड चोट के चलते पहले ही इस सीरीज का हिस्सा नहीं थे। दोनों खिलाड़ी विश्व कप तक फिट हो सकते हैं।

## सेंसेक्स 508 अंक उछला, निफ्टी 11,600 से ऊपर बंद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार में इस सप्ताह भी कारोबारी रुझान मजबूत रहा, जिससे प्रमुख संवेदी सूचकांकों में एक फीसदी से ज्यादा की साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। साप्ताहिक आधार, निफ्टी 11,600 के मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर बंद हुआ और सेंसेक्स में भी 500 अंकों से ज्यादा का उछाल दर्ज किया गया। सकारात्मक विदेशी संकेतों और घरेलू मुद्रा में आई मजबूती से बाजार को सपोर्ट मिला और जोरदार लिवाली देखी गई। विदेशी पोर्टफोलियो निवेश बढ़ने से निवेशकों के रुझान को मजबूती मिली और कारोबारी सप्ताह के आखिर में शुक्रवार को बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पिछले सप्ताह के मुकाबले 508.30 अंक यानी 1.33 फीसदी की तेजी के साथ 38,672.91 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के 50 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक निफ्टी पिछले सप्ताह के मुकाबले 167 अंक यानी 1.46 फीसदी की तेजी के साथ 11,623.90 पर बंद हुआ।

## आज का राशिफल

<u>मेषः</u> आज के दिन मिश्रित फलदायी होगा। आप थकान, आलस्य और व्यग्रता का अनुभव कर सकते हैं। क्रोध और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। जिससे आपका कोई कार्य न बिगड़े।

<u>वृषभः</u> आज आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। किसी नए कार्य का प्रारंभ आज ना करें। खानपान पर विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य बिगड़ने की आशंका है, ध्यान रखें। संभव हो तो प्रवास टाल दें।

<u>मिथुनः</u> आप मनोरंजन तथा आमोद-प्रमोद में व्यस्त रहेंगे। मित्रों तथा परिजनों के साथ आनंदित वातावरण में दिन बिता पाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान और प्रसिद्धि भी प्राप्त कर सकेंगे।

<u>कर्कः</u> आज का दिन आपके लिए आनंददायक सफलता प्रदान करने वाला होगा। परिजनों के साथ समय सुखपूर्वक बीतेगा। आवश्यक कार्य में खर्च हो सकता है।

<u>सिंहः</u> आज के दिन शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। सुखमय प्रसंग बनेंगे। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे।

<u>कन्याः</u> आज के दिन मध्यम फलदायी है। कई बातों को लेकर आपको चिंता रहेगी। आप अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं।

<u>तुलाः</u> आज के दिन भाग्य वृद्धि होने वाली है। भाई-बहनों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। धार्मिक प्रवास का आयोजन हो सकता है। नए कार्य के प्रारंभ के लिए शुभ दिन है।

<u>वृश्चिकः</u> आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी है। अनावश्यक खर्च पर अंकुश रखें। वाणी पर संयम रखने से परिवार में सुख-शांति बना पाएंगे। नकारात्मक विचारों से दूर रहें। धार्मिक कार्य हेतु खर्च हो सकता है।

<u>धनुः</u> आज के दिन सभी कार्य पूर्ण होंगे। लक्ष्मीजीकी कृपा रहेगी। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता आपको प्रसन्न रखेगी। किसी यात्रा स्थल पर प्रवास होने की संभावना है। स्वजनों के मिलने से मन आनंदित रहेगा।


<u>मकरः</u> आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। धार्मिक व सामाजिक कार्यों में धन खर्च हो सकता है। मित्रों के साथ अनबन हो सकती है। धन और मान हानि का योग है।

<u>कुंभः</u> यह समय आपके लिए लाभ वाला साबित होगा। नए कार्य के आयोजन के लिए कार्य का प्रारंभ शुभ सिद्ध होगा। व्यापारियों को व्यापार में विशेष लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में कीर्ति मिलेगी। संतान के साथ मेल-जोल अच्छा रहेगा।

<u>मीनः</u> आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। नौकरी या व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में उगाही के पैसे मिल सकते हैं। बड़े एवं पिता की ओर से लाभ होगा। पारिवारिक जीवन से आप आनंदित रहेंगे।

## इस व्रत के करने से मिलती है पापों से मुक्ति, मिलता है मोक्ष

चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को पापमोचनी एकादशी के व्रत का विधान है और उसका महत्व भी सबसे अधिक है। इस बार यह व्रत 31 मार्च दिन रविवार को है। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है कि जिस एकादशी के व्रत से सभी पापों से मुक्ति मिल जाए उसे ही पापमोचनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु का पूजन और व्रत किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से व्रती के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही मोक्ष के द्वार खुल जाते हैं।



### एकादशी का महत्व

पद्मपुराण के अनुसार, पापमोचनी एकादशी के व्रत से धन-धान्य का लाभ और पापों से मुक्ति मिल जाती है। कठिन तपस्या से आप जितना पुण्य और फल प्राप्त कर सकते हैं, उतना ही आप पापमोचनी एकादशी के व्रत करने से कर सकते हैं। मान्यता है जो भक्त सच्चे मन से व्रत को करता है वह बैकुंठ धाम की प्राप्ति करता है।

### व्रत की विधि

इस दिन सबसे पहले प्रातः काल उठकर स्नान आदि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प लेना चाहिए और उसके बाद भगवान विष्णु का विधिपूर्वक पूजन करना चाहिए और पूरा दिन व्रत रखते हुए शाम के समय फिर से नारायण का पूजन करके उन्हें भोग लगाना चाहिए ।

## 50वें मास्टर्स फाइनल में पहुंचे रोजर फेडरर अपने, इस्नर से होगी खिताबी टक्कर

**मियामी आरएनएस।** ग्रैंड स्लेम खिताबों के बादशाह स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर ने अपना जबरदस्त प्रदर्शन जारी रखते हुए कनाडा के डेनिस शापोवालोव को 6-2, 6-4 से पीट कर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है जहां अब उनकी भिड़ंत गत चैंपियन अमेरिका के जान इस्नर से होगी। 19 वर्षीय शापोवालोव तीसरी बार एटीपी मास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन 20 बार के ग्रैंड स्लेम चैंपियन फेडरर से पार नहीं पा सके। फेडरर ने इस तरह अपने 50वें एटीपी मास्टर्स फाइनल में जगह बना ली।



कनाडाई खिलाड़ी करियर में पहली बार फेडरर का सामना कर रहे थे लेकिन स्विस मास्टर ने उन्हें खेल का अच्छा सबक दिया। शापोवालोव हालांकि हार गए लेकिन इस प्रदर्शन से वह सोमवार को जारी होने वाली एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 20 में जगह बना लेंगे। अन्य सेमीफाइनल में सातवीं सीड इस्नर ने कनाडा के 18 साल के फेलिक्स ऑगर आलियासिमे को कड़े संघर्ष में 7-6 7-6 से हराया। इस्नर ने दोनों सेट के टाई ब्रेक 7-3 7-4 से जीते।

## 10 फीसदी तक महंगी हो सकती है प्राकृतिक गैस

**0-बढ़ सकते हैं सीएनजी-पीएनजी के दाम**

**नई दिल्ली आरएनएस।** नैचरल (प्राकृतिक) गैस की कीमतें 10 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। गैस के लिए प्राइस कैप 21 प्रतिशत तक बढ़ गया है। ऐसा होने से गैस प्रोड्यूस करने वाली कंपनियों जैसे ओएनजीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज को तो फायदा होगा लेकिन घरों और फैक्ट्रियों में ईंधन (पीएनजी) की खपत करने वाले लोगों को झटका लगेगा। सीएनजी गाड़ी चलाने वालों और पीएनजी यानी पाइपलाइन गैस का इस्तेमाल करने वालों के लिए यह अच्छी खबर नहीं है ।

## केला ओट्स हलवा रेसिपी

हलवा भारत की पारंपरिक डेसर्ट डिश में से एक है। आज हम आपके लिए ओट्स और केले के मिश्रण से बने हलवे की रेसिपी लेकर आए हैं। यह डिश केला, दूध, चीनी और खजूर के साथ तैयार किया जाता है।



### केला ओट्स हलवा रेसिपी की सामग्री

2 कप दूध
2 कप रोल ओट्स
4 चम्मच घी
1 कप चीनी
4 केला
1 कप खजूर


### केला ओट्स हलवा रेसिपी बनाने की विधि

इस स्वादिष्ट रेसिपी को तैयार करने के लिए केले को छीलकर एक कटोरे में मैश कर लें। बाउल को एक तरफ रखें। फिर खजूर को घिसकर चॉपिंग बोर्ड के ऊपर काट लें। अब इसे अलग रख दें। अब मध्यम आंच पर पैन में घी को गर्म करें। जब यह गर्म हो जाए, तो इसमें ओट्स को रोल डालें। आंच को धीमा कर दें और पैन में दूध के साथ 1 कप पानी डालें। अब, चीनी और खजूर डालें। जब तक चीनी पूरी तरह से मिश्रण में मिल न जाए तब तक इसको मध्यम आंच पर लगातार चलाते रहें। इसके बाद तैयार सामग्री को आंच से उतार दें और हलवे में मैश किए हुए केले मिलाएं। ड्राई फ्रूट्स से गार्निश करें और सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य-19

**बाएं से दाएं**
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 19 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू-19

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 19 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |